Title: Need to construct a dam at river Bata in Paonta Saheb area of Himachal Pradesh - Laid.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ0 धनी राम शांडिल्य (शिमला): हिमाचल प्रदेश के पॉवटा साहब क्षेत्र की भूमि उपजाऊ है और यहां का गन्ना, धान, गेंहूं आदि प्रमुख फसलें हैं। आम, संतरा, लीची, नींबू इत्यादि फलों की भी इस क्षेत्र में विशो उपज है। महोदय, यमुना नदी की सहायक बाता नदी की बाढ़ के कारण हर र्वा यहां की यह उपजाऊ भूमि जल-कटाव का शिकार हो रही है। इस निरन्तर हो रहे भूमि-कटाव को रोकने का एकमात्र उपाय जलमुशा नामक स्थान पर एक बड़े डैम को बनाना है। ऐसा करने से एक ओर बिजली पैदा होगी और दूसरी ओर ऊँचाई वाले गांवों को जल-उठाऊ योजना द्वारा सिंचाई की सुविधा डैमों द्वारा इस क्षेत्र में सिंचाई व मछली पालन के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। ऐसा करने से जहां भूमि कटाव रूक सकेगा, वहीं मछली पालन द्वारा बेरोजगार युवकों को काम भी मिलेगा।

मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करें और सर्वेक्षण दल भेजकर शीघ्रातिशीघ्र इस पर कार्यवाही आरंभ करने की कृपा करें।

____